उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या-169/2015/1613/71-1-2015-जी-75/2010
लखनऊ : दिनांक 03 नवम्बर, 2015
कार्यालय-ज्ञाप

डा0 राजेश, (पी0एम0एच0एस0 संवर्ग) को राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, अम्बेडकनगर के सर्जरी विभाग में प्रवक्ता के रिक्त पद के सापेक्ष सेवा स्थानान्तरण के आधार पर कार्यालय ज्ञाप संख्या-एस0एम0-40/71-1-10-जी-75/2010, दिनॉक 09-07-2010 द्वारा 01 वर्ष के लिए अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए, तैनात किया गया था। मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर में चिकित्सा शिक्षकों की कमी के दृष्टिगत डा0 राजेश की सेवा स्थानान्तरण अवधि समय-समय पर बढ़ायी जाती रही है। अन्तिम बार कार्यालय ज्ञाप संख्या-51/3124/71-1-14-जी-75/2010, दिनॉक 02-12-2014 द्वारा डा0 राजेश की सेवा स्थानान्तरण अवधि 01 वर्ष के लिए बढ़ायी गई थी। उक्त सेवा स्थानान्तरण अवधि दिनॉक 31-08-2015 को समाप्त हो गयी है।

2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एम0ई0-2/2015/1517, दिनॉक 28-07-2015 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय डा0 राजेश, प्रवक्ता, सर्जरी विभाग, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर की सेवा स्थानान्तरण अवधि दिनॉक 01-09-2015 से 01 वर्ष अथवा नियमित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए बढ़ाये जाने की एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

संजय कुमार उपाध्याय
संयुक्त सचिव।

संख्या:-169/2015/1613(1)/71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
6- मुख्य चिकित्साधिकारी, कुशीनगर।
7- कोषाधिकारी, अम्बेडकर नगर/कुशीनगर।
8- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
9- चिकित्सा अनुभाग-3/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।